aglasem.com

FOR KARNATAKA CLASS 11 PREPARATION

Karnataka 1st PUC Model Question Paper 2027 for Hindi (Paper 2)

EXAM	YEAR	TYPE	SUBJECT
Karnataka Class 11	2027	Sample Paper	Hindi

ಕರ್ನಾಟಕ ಸರ್ಕಾರ

ಶಾಲಾ ಶಿಕ್ಷಣ ಇಲಾಖೆ (ಪದವಿ ಪೂರ್ವ)

ಮಾದರಿ ಪ್ರಶ್ನೆ ಪತ್ರಿಕೆ-2 2026-27

ತರಗತಿ: ಪ್ರಥಮ ಪಿಯುಸಿ

MAX. MARKS:80

TIME: 3 HOURS **SUB: HINDI (03)** **TOTALA NO OF QUESTIONS: 49**

सूचना: 1) सभी प्रश्नों के उत्तर हिन्दी भाषा तथा देवनागरी लिपि में लिखना आवश्यक है।

2) प्रश्नों की क्रमसंख्या लिखना अनिवार्य है।

3) प्रश्नपत्र 'क', 'ख', 'ग' 'घ' इन चार खण्डों में विभाजित है।

4) खण्ड 'क' के प्रश्न संख्या 1 से 16 तक के प्रश्नों का उत्तर, जो पहली बार लिखा हो, उन्हीं उत्तरों का मूल्यांकन किया जाएगा।

****

खण्ड – 'क'

I अ) निम्नलिखित प्रश्नों के सही विकल्पों को चुनकर लिखिए: **10X1=10**

1. बेनीमाधव सिंह अपनी आधी से अधिक संपत्ति इन्हें भेंट के रूप में दे चुके थे-
   i) सरकार को ii) लोगों को iii) वकीलों को iv) जमींदारों को
2. स्वामी विवेकानंद जी के अनुसार सबकी अपेक्षा उत्तम रूप से कार्य करने वाला व्यक्ति है-
   i) शक्तिशाली ii) स्वार्थी iii) निःस्वार्थी iv) दूरदर्शी
3. बिन्दा की आँखें महादेवी वर्मा को इसकी याद दिलाती थीं-
   i) शेर की जकड़ में फँसी हिरनी की ii) पिंजड़े में बन्द चिड़िया की
   iii) कारागार में बंद कैदी की iv) कमरे में बन्द लड़की की
4. 'हमारे लिए हर जगह दरवाजा बन्द है। जैसे हम आदमी नहीं बैल हैं।' 'नालायक' कहानी के इस वाक्य में 'हम' से तात्पर्य है-
   i) थर्ड डिविज़नर्स ii) फस्ट डिविज़नर्स iii) सिफारिशी iv) चपरासी
5. 'रिहर्सल' एकांकी के लेखक हैं-
   i) विवेकी राय ii) उपेंद्रनाथ अशक iii) ओमप्रकाश 'आदित्य' iv) हरिशंकर परसाई
6. रसखान मनुष्य रूप में अगला जन्म यहाँ लेना चाहते हैं-
   i) नंद की धेनु मँझारन में ii) ब्रज गोकुल गाँव में
   iii) गोवर्धन पर्वत पर iv) यमुना के किनारे
7. कवि बच्चनजी इसे खोकर रंक हुए-
   i) पैसों को ii) निज निधि को iii) परिवार को iv) मित्रों को
8. श्मशान के मन में वर्षों से जिसके प्रेम की अलौकिक धारणा जमी हुई थी वह था-
   i) पहाड़ ii) प्रकृति iii) मनुष्य iv) पृथ्वी
9. 'ब्याह-शादियों पर पैसे बर्बाद नहीं करना चाहिए।' 'खून का रिश्ता' कहानी में यह सिद्धांत इनका था-
   i) माँजी ii) बाबूजी iii) चाचाजी iv) मनोरमा
10. 'दोपहर का भोजन' कहानी की केन्द्रीय समस्या है-
    i) शोषण ii) बेरोज़गारी iii) प्रदूषण iv) बीमारी

aglasem.com For more Question Papers, Sample Papers, Notes & Syllabus visit aglasem.com Page 1 of 4

आ) कोष्ठक में दिए गए उचित कारक चिन्हों से रिक्त स्थान भरिए: **5X1=5**

(पर, ने , के, की, में, को)

11. बंगले ---------- सामने कागज़ों की ढेरी लग गयी।
12. बद्रीनाथ मन्दिर अलकनन्दा नदी के तट -------- बसा है।
13. ज़िन्दगी -------- मानसिक तनाव को दूर रखें।
14. सैनिकों --------- देशरक्षा का प्रण लिया।
15. भारत --------- संस्कृति अत्यंत समृद्ध है।

इ) निम्नलिखित मुहावरों को अर्थ के साथ जोड़कर लिखिए: **5X1=5**

16.

a) कमर कसना	i) असहनीय दुःख होना
b) ईद का चाँद होना	ii) हारकर भाग जाना
c) नौ-दो-ग्यारह होना	iii) बहुत समय के बाद दिखाई देना
d) कलेजा फटना	iv) नाकाम होना
e) गोबर बारूद होना	v) तैयार होना
	vi) भाग जाना

खण्ड – 'ख'

II. अ) निम्नलिखित प्रश्नों में से किन्हीं दो प्रश्नों के उत्तर लिखिए: **2X3=6**

17. 'निन्दा रस' पाठ में लेखक ने धृतराष्ट्र का उल्लेख क्यों किया है?
18. राष्ट्र निर्माण में जन का क्या योगदान होता है?
19. अंबेडकर जी को शिक्षा प्राप्त करते समय किन-किन समस्याओं का सामना करना पड़ा?
20. दिल का दौरा और एनजाइना रोग के प्रमुख लक्षण क्या हैं?
21. त्याग और सेवा के बारे में स्वामी विवेकानंद जी के विचार लिखिए।

आ) निम्नलिखित में से किन्हीं दो का ससंदर्भ स्पष्टीकरण कीजिए: **2X3=6**

22. 'उससे जो कुछ भूल हुई, उसे तुम बड़े होकर क्षमा करो।'
23. 'क्या पंडिताइन चाची तुम्हारी तरह नहीं हैं?'
24. 'वह आकर्षण है – सरल भक्ति का, प्रकृति के वैभव का।'
25. 'तुझे क्या हो गया था मेरे लाड़ले?'

III. अ) निम्नलिखित प्रश्नों में से किसी एक प्रश्न का उत्तर लिखिए: **1X3=3**

26. तुलसीदास के अनुसार संत के स्वभाव का वर्णन कीजिए।
27. मीराबाई की कृष्णभक्ति का वर्णन कीजिए।

आ) निम्नलिखित प्रश्नों में से किन्हीं दो प्रश्नों के उत्तर लिखिए: **2X3=6**

28. 'तुम आओ मन के मुग्ध मीत' कविता के कवि अपने मित्र की जुदाई से कैसे व्याकुल हो रहे हैं?
29. 'तोड़ती पत्थर' कविता के आधार पर इलाहाबाद के पथ पर पत्थर तोड़नेवाली स्त्री का चित्रण कीजिए।
30. 'मत घबराना' कविता में प्रकृति को प्रेरणास्रोत क्यों कहा गया है?
31. 'उल्लास' कविता का आशय संक्षेप में लिखिए।
32. 'अभिनंदनीय नारी' कविता के आधार पर नारी के विभिन्न गुणों का परिचय दीजिए।

इ) ससंदर्भ भाव स्पष्ट कीजिए: **2X3=6**

33. माटी कहै कुम्हार से, तू क्या रौंदे मोय।
इक दिन ऐसो होयगो, मैं रौंदूँगी तोय॥

अथवा

पर्वत पर बसाकर घर, जंगली जानवरों से क्या डरना?
सागर किनारे बसाकर घर, लहरों से क्या डरना?
हाट में बसाकर घर, शोरगुल से क्या डरना?

34.कहता है कौन कि भाग्य ठगा है मेरा?
वह सुना हुआ भय दूर भगा है मेरा,
कुछ करने में अब हाथ लगा है मेरा,
वन में ही तो गार्हस्थ्य जगा है मेरा।

अथवा

प्रतिभा बोली-"यातना, निरन्तर कष्ट-सहन की ताकत में
मैं बसती हूँ संघर्ष-निरत साधक में, असिधारा-व्रत में!"

खण्ड- 'ग'

IV. अ) निम्नलिखित प्रश्नों में से किन्हीं तीन प्रश्नों के उत्तर लिखिए: **3X3=9**

35. शराबी एक रुपए से क्या खरीदना चाहता था ओर बाद में क्या खरीद लाया?
36. पहाड़ी श्मशान पर क्यों तरस खाता है?
37. मंगलसेन को अपनी हैसियत पर क्यों नाज़ था?
38. 'शीत लहर' कहानी में बेघर लोगों के प्रति पूनम के क्या विचार हैं?
39. सिलिया की माँ ने गाँव वालों की सलाह को क्यों नहीं माना?
40. रामचन्द्र का परिचय दीजिए।

खण्ड- 'घ'

V. अ) वाक्य शुद्ध कीजिए: **1X3=3**

41. i) सभी उसको तारीफ करते हैं।
ii) मेरे को उसने बुलाया है।
iii) वह भाषण दिया।

आ) निम्नलिखित वाक्यों को सूचनानुसार बदलिए: **1X3=3**

42. i) वह अपने विचार व्यक्त करता है। (भविष्यत्काल में बदलिए)
ii) उसे सम्मानित किया जाएगा। (भूतकाल में बदलिए)
iii) उसने माता को पत्र लिखा। (वर्तमानकाल में बदलिए)

इ) अन्य लिंग रूप लिखिए: **1X2=2**

43. i) तेजस्विनी ii) दर्शक

ई) अन्य वचन रूप लिखिए: **1X2=2**

44. i) सखी ii) चिड़ियाँ

उ) समानार्थक शब्द लिखिए: **1X2=2**

45. i) तालाब ii) हाथ

ऊ) विलोम शब्द लिखिए: **1X2=2**

46. i) उत्तीर्ण ii) पंडित

aglasem.com For more Question Papers, Sample Papers, Notes & Syllabus visit aglasem.com

VI. अ) निम्नलिखित अनुच्छेद को पढ़कर उस पर आधारित प्रश्नों के उत्तर लिखिए: 1X3=3

47. मैसूर से लगभग 35 कि. मी दूर स्थित टी नरसीपुर को तीन नदियाँ- कावेरी, कपिला तथा गुप्तगामिनी के संगम के कारण प्रयागराज जितना ही पवित्र माना जाता है। यह त्रिवेणी संगम 'दक्षिण प्रयाग' नाम से प्रसिद्ध है। इसके अलावा, वह प्राचीन मंदिरों से भरा हुआ है, जिनमें कावेरी के तट पर गुंजा नरसिंहस्वामी मंदिर और अगस्त्येश्वर मंदिर प्रसिद्द हैं। भक्त गण की असीम श्रद्धा को देखते हुए टी नरसीपुर में कुंभ मेला आयोजित करने की परंपरा सन् 1989 में शुरू हुई। तब से हर तीन साल में एक बार यहाँ कुंभ मेले का आयोजन बड़ी धूम-धाम से होता है। सन् 2025 में फरवरी 10 से 12 तक तीन दिन का कुंभ मेला चला जिसमें लाखों श्रद्धालुओं ने त्रिवेणी संगम में पुण्य स्नान करके आत्मिक तृप्ति को प्राप्त किया।

कुंभ मेले में हर वर्ग के लोग भाग लेते हैं। ऊँच-नीच, छुआ-छूत की भावना से हटकर एक साथ भक्ति भाव में डूबे भक्तों की श्रद्धा एकता को प्रेरित करती है।

प्रश्न: . i) त्रिवेणी संगम किस नाम से प्रसिद्ध है?

ii) टी नरसीपुर में कुंभ मेले का आयोजन कब से होने लगा?

iii) कुंभ मेला किस भाव को प्रेरित करता है?

आ) 48. वर्ष 2026 में अपने आप को बेहतर बनाने के सुझाव देते हुए अपनी छोटी बहन को एक पत्र लिखिए। **1X4=4**

इ) हिन्दी में अनुवाद कीजिए: **1X3=3**

49. i) ಶುದ್ಧ ಗಾಳಿಯು ನಮ್ಮ ಆರೋಗ್ಯಕ್ಕೆ ತುಂಬಾ ಆವಶ್ಯಕ,

Fresh air is very essential for our health.

ii) ವಿದ್ಯಾರ್ಥಿಗಳು ತಮ್ಮ ಗುರುಗಳಿಗೆ ವಿಧೇಯರಾಗಿರಬೇಕು.

Students should be obedient to their teachers.

iii) ಕಳೆದು ಹೋದ ಸಮಯವು ಎಂದೂ ಮರಳಿ ಬರುವುದಿಲ್ಲ.

Time lost is never regained.

*****